BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 26 अगस्त 2023 | **थाना औरंगाबाद**

आकाश की हत्या का सफल अनावरण, 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि आकाश पुत्र बलवन्त सिंह निवासी ग्राम भंडोरिया थाना औरंगाबाद बुलन्दशहर की कस्बा औरंगाबाद में दुकान करता था जो दिनांक 31-07-2023 को शाम को समय पर घर नही पहुंचा तो परिजनों द्वारा उसकी तलाश की गयी तो उसका शव ग्राम असरफपुर के जंगल में सडक किनारे मिला था। इस सम्बन्ध में मृतक के भाई पंकज उर्फ पिंटू की तहरीर के आधार पर थाना औरगाबाद पर मुअसं-192/23 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के क्रम में थाना औरंगाबद पुलिस व स्वाट टीम द्वारा जांच/छानबीन से घटना में 04 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आये। उक्त क्रम में थाना औरंगाबाद पुलिस व स्वाट टीम द्वारा दिनांक 25-08-2023 को अभियुक्त मंजीत, पंवन भाटी व साहिल को मनका मंदिर पवसरा बॉर्डर के पास से व अभियुक्त सरवर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना औरंगाबाद पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- मंजीत पुत्र गजेन्द्र निवासी ग्राम भंडोरिया थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. पंवन भाटी पुत्र भोपाल सिंह निवासी ग्राम गुठावली कला थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
3. साहिल पुत्र लियाकत निवासी उपरोक्त।
4. सरवर पुत्र अकबर निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 04 चाकू
2. 04 मोबाइल
3. 01 मोटर साइकिल पैशन प्रो यूपी 13एसी 5281 (घटना में प्रयुक्त)
4. 01 मोटरसाइकिल प्लेटिना डीएल 7एसबीसी 9801
5. चारो अभियुक्तों के घटना के समय पहने कपडे

गिरफ्तार अभियुक्त मंजीत ने पूछताछ पर बताया कि करीब 03 वर्ष पूर्व मेरा आकाश के साथ झगडा हो गया था आकाश ने मुझे डंडा मार दिया था जिससे मुझे चोट आयी थी। इस बात से गांव में मेरी बडी बदनामी हुई थी तथा मैं अपने आप में हीन भावना व अपमानित महसूस करता था तथा गांव के कुछ लोग मेरा मजाक भी बनाते थे जिससे मुझे बहुत आत्मगलानी होती थी ओर मेरे अन्दर बदना लेने की भावना बनी रहती थी तभी से मैं आकाश से बदला लेने की सोच रहा था ओर सही मौके का इंतजार कर रहा था। फिर मैने अपने साले व दोस्तों के साथ मिलकर आकाश की हत्या की योजना बनाई तथा दिनांक 31-07-2023 को योजनानुसार जब आकाश दुकान से अपने घर जा रहा था तो रास्ते में चाकू से उसका गला काट कर हत्या कर दी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री जितेन्द्र सिंह थाना प्रभारी औरंगाबाद।
2. उ0नि0 अवनेन्द्र सिंह गंगवार
3. है0का0 विकास चौधरी, का0 मनीष कुमार, का0 अमित कुमार, का0 विकास नैन, का0 राजवरी सिंह, का0 अभिषेक पवांर

स्वाट टीम-

1. मौ0 असलम प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम।
2. उ0नि0 राहुल चौधरी प्रभारी सर्विलांस
3. है0का0 मनोज दीक्षित, है0का0 अशोक यादव, है0का0 नीरज त्यागी, है0का0 जितेश कुमार, है0का0 कपिल नैन, है0का0 अशोक चौधरी, है0का0 प्रबली तोमर, है0का0 वसीम, है0का0 प्रदीप त्यीगी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 विशाल चौहान, है0का0 मौ0 आरिफ

मीडिया सेल बुलंदशहर